भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या** 2789

उत्तर देने की तारीख 10 जुलाई, 2019 (बुधवार)

19 आषाढ़, 1941 (शक)

**प्रश्न**

**स्थायी समिति की रिपोर्ट का कार्यान्वयन**

2789. श्री राजू बिष्ट:

क्या उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार 2013 में दार्जिलिंग और सिक्किम में परिवहन, पर्यटन और संस्कृति पर्यटन के विकास पर संसदीय स्थायी समिति की 190वीं रिपोर्ट का कार्यान्वयन करने का है जिसमें यह सिफारिश की गई थी कि पश्चिमी बंगाल के तीन जिले अर्थात् दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और कूच बिहार को देश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की श्रेणी में शामिल किया जाए;

(ख) क्या सरकार की इन क्षेत्रों को उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास के अंतर्गत शामिल करने की योजना है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार इन सिफारिशों पर पुनर्विचार करने और इन्हें शीघ्रता से कार्यान्वित करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ड़) कृपया परिवहन, पर्यटन एवं संस्कृति पर विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समिति की 190वीं रिपोर्ट का पैरा सं.134 देखें जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ पूर्वोत्तर पर्यटन विकास स्कीम में पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को शामिल करने और इन जिलों में पर्यटन सुविधाओं आदि के विकास के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र को 10% सकल बजटीय सहायता (जीबीएस) के तहत प्राप्त होने वाले लाभों का विस्तार करने की अनुशंसाएं की गई हैं । समिति के सुझाव नोट कर लिए गए हैं। पश्चिम बंगाल में पर्यटन के विकास का विषय पूर्वोत्तर परिषद और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की स्कीमों के कार्यक्षेत्र के बाहर है ।

*****